**22/01**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पासीघाट में अरुणाचल प्रदेश सेवा परिसंघ (COSAAP) के सातवें महा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा से जुड़े लोगों को ऐसे सम्मेलनों को केवल व्यक्तिगत मांगो और ज्ञापनों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे एक ऐसे मंच के रुप में उपयोग करना चाहिए जहाँ मिलकर यह विचार किया जा जाए कि नवीन विचारों, योजनाओं और ठोस कार्य योजनाओं के माध्यम से जनता के लिए लोक सेवा को ओर बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मांग से कर्तव्य तक चर्चा से क्रियान्वयन तक यह साझा प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

0000000000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता की अध्यक्षःता में राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पी एम जी एस वाई - IV परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय स्थायी समिति की बैठक हूई। बैठक में समिति ने 4,716.69 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों से संबंधित प्रस्तावों पर विचार किया, जिनका उद्देश्य राज्य के 1,095 असंपर्कित गावों को हर मौसम में संपर्क प्रदान करना है। स्वीकृति के बाद इन प्रस्तावों को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जांच के लिए योजना के आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण संपर्क में सुधार के साथ-साथ गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

0000000000000000000

सीमाओं को चुनौती देना, संस्कृति का उत्सव विषय के साथ दो दिवसीय मोटरस्पोर्ट कार्यक्रम 'नामसाई-पंगसाऊ पावरड्राइव 2026' आज नामसाई में शुरु हूआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य को साहसिक पर्यटन और मोटरस्पोर्ट्स के लिए भारत का अगले प्रमुख गंतव्य के रुप में स्थापित करना है। यह कार्यक्रम पंगसाऊ पास अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव 2026 के 10वें संस्करण का हिस्सा है। इसका आयोजन एडवेंचर एक्स-फ्यूजन ट्राइब द्वारा फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब्स इंडिया (FMSCI) के तत्वावधान में किया गया है।

0000000000000000

भारत निर्वाचन आयोग ने ECINET नामक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है। जो चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाए एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। इसका शुभारंभ नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (IICDEM) दो हजार छब्बीस के दौरान किया गया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन के दौरान टीम अरुणाचल प्रदेश ने राजनीतिक दल और उम्मीदवार' विषय पर थीमैटिक सत्र का नेतृत्व भी किया, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने हेतु तुलनात्मक दृष्टिकोण, अकादमिक विचार और क्षेत्रीय अनुभव साझा किए गए।

00000000000000000000000

सियांग जिले के बोलेंग सामुदायिक ब्लॉक में नव निर्वाचित पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों और पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय फाउंडेशन सह-फंक्शनल प्रशिक्षःण कार्यक्रम आयोजित हूआ। प्रशिक्ष्ण कार्यक्रम का आयोजन राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वाड़ा किया गया था। कार्यक्रम में सियांग जिला परिषद अध्यक्षः तामत तातत ने प्रतिभागियों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और अपने पांच वर्षीय कार्यकाल के दौरान आधार तैयार करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

नाबार्ड के जीवा परियोजना के तहत नामसाई जिले के लाथाव गांव में आहार एवं पोषण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय कृषक समुदायों में पोषण संबंधी ज्ञान, सतत कृषि पद्धतियों और समग्र आजीविका विकास को बढ़ावा देना था। इसके अतिरिक्त, ऑयल इंडिया लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल ऑयल स्पर्श के सहयोग से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें आवश्यक स्वस्थ्य सेवाए सहित सामुदायिक कल्याण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरुकता प्रदान की गई।

000000000000000000000

सरस मेला- दो हजार पच्चीस के अंतिम संस्करण में 1.3 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई थी, जिससे विशेष रुप से ग्रामीण महिलाओं सहित सैकड़ों स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्रत्यक्षः लाभ हूआ था। सरस मेला न केवल स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण महिलाओं और कारीगरों के लिए एक बाजार है, बल्कि यह राज्य के स्थानीय कलाकारों को सांस्कृतिक मंच भी प्रदान करता है। यह मेला ग्रामीण विरासत के उत्सव और बाजार का एक सुंदर संगम भी है। इस वर्ष का अरुणाचल सरस मेला दो हजार छब्बीस, जो 16 जनवरी से शुरु हुआ था, पच्चीस जनवरी तक चलेगा।

0000000000000000000000

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के आज 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में बेटियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

000000000000000000000

तवांग जिला उपायुक्त नामग्याल आंगमो ने परेड ग्राउंड के पास वॉक-थ्रू-मार्केट में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित प्रधानमंत्री सूक्षःम खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (PMFME) ग्रामीण मार्ट तथा मदरस किचन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई तवांग द्वारा किया गया। जिले में पंजीकृत 18 इकाइयों में से नौ मदरस किचन ने कार्यक्रम में भाग लिया।

जिला उपायुक्त ने इस पहल की सराहना करते हुए BMMU तवांग को स्थानीय कला, शिल्प और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इसी प्रकार की नवोमेषी पहलों की परिकल्पना करने के निर्देश दिए।

0000000000000000000

सेवा भारती अरुणाचल प्रदेश ने पासीघाट के सॉ मिल क्षेत्र में स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं के बीच पचास मिंक कंबलों का वितरण किया। ये छात्राए एक छात्रावास डॉर्मिटरी में आग लगने की घटना के कारण नुकसान से प्रभावित हुई थी। यह घटना 18 जनवरी दो हजार छब्बीस को हुई थी, जब KGBV छात्रावास की एक डॉर्मिटरी में आग लग गई थी। सेवा भारती अरुणाचल प्रदेश ने समाज की सेवा करने और आपदा व आपातकाल के समय बच्चों व छात्रों के साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए यह सेवाकार्य किया।

00000000000000000000000